समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

# मुख्यमंत्री निवास पर आगामी पर्यावरण, योग दिवस और अहिल्याबाई जयंती की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित।

Publisher

Published on | 29 May 2025



## वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से जिला कलेक्टर्स और विभागीय अधिकारियों को दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देश, जनभागीदारी से सफल आयोजन का आह्वान।

सवांदाता,जयपुर,राजस्थान

**जयपुर,राजस्थान, 29 मई 2025: मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा** ने आज अपने निवास पर आगामी '**विश्व पर्यावरण दिवस' (5 जून)**, '**अंतरराष्ट्रीय योग दिवस' (21 जून)** और '**लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर जयंती**' के भव्य और सुव्यवस्थित आयोजन की तैयारियों की समीक्षा के लिए संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों और समस्त जिला कलेक्टरों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से महत्वपूर्ण बैठक ली।

बैठक में मुख्यमंत्री ने इन सभी आयोजनों को ज**नभागीदारी, नवाचार** और **सामाजिक चेतना** के साथ जोड़ने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि ये सभी कार्यक्रम प्रदेश की **संस्कृति, स्वास्थ्य** और **पर्यावरणीय चेतना** को मजबूत करने का अवसर हैं।

**कार्यक्रमों को लेकर दिए गए निर्देश :**

विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में सभी जिलों में वृहद **पौधरोपण अभियान, पर्यावरण रैली, और स्कूल-कॉलेज स्तर पर प्रतियोगिताएं** आयोजित की जाएंगी।

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के लिए सभी **जिला मुख्यालयों, नगर निगमों और ग्राम पंचायतों मे योग शिविर, प्रशिक्षण कार्यशालाएं, और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रूपरेखा बनाई गई है**।

लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर जयंती को राज्य स्तर पर **सामाजिक समरसता, महिला सशक्तिकरण और ऐतिहासिक योगदान** को रेखांकित करते हुए मनाया जाएगा। उनके जीवन मूल्यों को स्कूलों में विशेष सत्रों के माध्यम से छात्रों को बताया जाएगा।

**मुख्यमंत्री श्री.भजनलाल शर्मा** ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी कार्यक्रमों में स्थानीय **जनप्रतिनिधियों, स्वयंसेवी संगठनों, छात्र-छात्राओं और नागरिकों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित** की जाए। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि आयोजन **पर्यावरणीय संतुलन** और **सामाजिक जागरूकता** को बढ़ावा देने वाले हों।

**बैठक मे उपस्थित प्रमुख अधिकारी :**

मुख्य सचिव, अपर मुख्य सचिव (वन विभाग, आयुष विभाग), आयुक्त (जनसंपर्क), आयुक्त (शिक्षा), समस्त संभागायुक्त, जिला कलेक्टर्स और पुलिस अधीक्षक इस समीक्षा बैठक में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े।

मुख्यमंत्री ने अंत में कहा कि, "**प्रदेश को जागरूक, स्वस्थ और हरित बनाने की दिशा मे ये आयोजन मील का पत्थर साबित होंगे। हम सबका दायित्व है कि इन कार्यक्रमों को सिर्फ औपचारिकता नहीं बल्कि जन-आंदोलन के रूप मे लें।**"

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: THE VIEWS/CONTENTS EXPRESSED/PRESENTED HEREIN, WITHIN THIS ADVERTORIAL AND PROMOTIONAL FEATURE ARE THE SOLE AND EXCLUSIVE RESPONSIBILITY OF INDIVIDUAL CLIENTS/EXPERT/THEIR AUTHORISED REPRESENTATIVE/PUBLISHER, TO WHICH EFFECT, PUBLICATION HOUSE/ITS REPRESENTATIVE/AFFILIATES ARE NOT RESPONSIBLE/LIABLE WHATSOVER.